# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# हरिद्वार – 249404

संख्याः 102/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांकः 18 जुलाई, 2023

## अनर्ह सूची

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 एवं विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 द्वारा प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों में अंकित A.P.I. स्कोर के आधार पर घोषित संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 23 मई, 2023 में सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 07 जून, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन में किये गए दावों के समर्थन में प्रमाण पत्र/अभिलेख प्राप्त किये गए थे, जिसके क्रम में **संगीत (Music), भूगर्भ विज्ञान (Geology), चित्रकला (Drawing and Painting), तथा बी0सी0ए0 (B.C.A.) विषयों के विषयवार** निम्न अभ्यर्थियों को तालिका के कॉलम–3 के अनुसार अनर्ह किया गया हैः–

### 1. संगीत (Music)

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | 513429 | 1 अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग/पोस्ट डॉक्टोरल अनुभव एवं अवार्ड से सम्बन्धित दावा किया गया है। विषय विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन के दावे को सही माना गया है, परन्तु टीचिंग/पोस्ट डॉक्टोरल अनुभव के दावे के सापेक्ष विषय विशेषज्ञों द्वारा 10 अंक के स्थान पर 7.16 अंक तथा अवार्ड के दावे के सापेक्ष 03 के स्थान पर शून्य अंक अनुमन्य किये है। इस प्रकार अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 94 के स्थान पर 88.16 अंक है जो कि संगीत विषय की अनारक्षित श्रेणी के लिए संशोधित कट–ऑफ 93 से कम है। अभ्यर्थी संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित नहीं करता है।<br>2 अभ्यर्थी द्वारा ए0पी0आई स्कोर में स्नातक के स्थान पर डिप्लोमा के 65.6 प्रतिशत अंक का दावा किया गया है, जिसके लिए 19 अंक प्राप्त किये गये है, परन्तु अभिलेखों के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र के अनुसार अभ्यर्थी के स्नातक (बीए) में 43.19 प्रतिशत अंक है, जिसके लिए नियमानुसार 00 अंक निर्धारित है। विज्ञापन दिनांक 04.12.2021 के क्रम में अभ्यर्थी के स्नातक में 19 अंक के स्थान पर 00 अंक होने चाहिए तथा कुल स्कोर 88.16 के स्थान पर 69.16 होगा। जिसके में अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 69.16 होगा। संगीत विषय की संशोधित कट–ऑफ 93 है। अभ्यर्थी संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित नहीं करता है।<br>3 अभ्यर्थी से स्नातक की अंकतालिका एवं उपाधि वांछित है।<br>4 संगीत विषय की अनारक्षित श्रेणी के लिए संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित न करने एवं स्नातक की अंकतालिका एवं उपाधि उपलब्ध न कराने के कारण अनर्ह। |

### 2. भूगर्भ विज्ञान (Geology)

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2. | 513695 | 1. विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग, अवार्ड से सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण किया गया है। विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन के 06 अंक में से 02 अंक एवं टीचिग अनुभव में 05 के स्थान पर 00 (शून्य) एवं अवार्ड के लिए 03 अंक के स्थान पर 00 (शून्य) अनुमन्य किये गये है, जिसके क्रम में अभ्यर्थी का कुल API स्कोर 89 के स्थान पर 77 अंक होगा। अनारक्षित श्रेणी में संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम के क्रम में API की संशोधित कटऑफ स्कोर 89 है, जिसके आलोक में अभ्यर्थी कटऑफ स्कोर में स्थान धारित नहीं करता है।<br>2. Ph.D के लिए परिशिष्ट 3 के अनुसार प्रमाण पत्र वांछित है।<br>3. भू–गर्भ विज्ञान विषय की अनारक्षित श्रेणी की संशोधित कटऑफ में स्थान धारित न करने एवं Ph.D के लिए परिशिष्ट 3 के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अनर्ह। |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | 513777 | 1. अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन एवं टीचिग अनुभव का दावा किया गया है। विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग से सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण किया गया है, जिसके क्रम में विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन के दावे को सही माना गया है, जबकि टीचिग अनुभव में 08 के स्थान पर 00 (शून्य) एवं अवार्ड के लिए 03 अंक के स्थान पर 00 (शून्य) अनुमन्य किये गये है। जिसके क्रम में अभ्यर्थी का कुल API स्कोर 89 के स्थान पर 78 अंक होगें। अनारक्षित श्रेणी में संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम के क्रम में API की संशोधित कटऑफ स्कोर 89 है, जिसके आलोक में अभ्यर्थी कटऑफ स्कोर में स्थान धारित नहीं करता है।<br>2. अभ्यर्थी से विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र वांछित है।<br>3. भू–गर्भ विज्ञान विषय की अनारक्षित श्रेणी की संशोधित कटऑफ में स्थान धारित न करने एवं विभागीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अनर्ह। |

### 3. चित्रकला (Drawing and Painting)

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | 514056 | 1. अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग अनुभव एवं अवार्ड से सम्बन्धित दावा किया गया है। विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग, अवार्ड से सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण किया गया है जिसके क्रम में रिसर्च पब्लिकेशन के 06 अंक में से 02 अंक, टीचिंग अनुभव के 08 अंक में से 2.5 एवं अवार्ड के 03 अंक में से 00 (शून्य) अंक अनुमन्य किया गया है। जिसके क्रम में अभ्यर्थी का कुल API स्कोर 89 के स्थान पर 76.5 होगा। चित्रकला विषय में अनारक्षित श्रेणी में शार्ट लिस्टिंग परिणाम के क्रम में API की संशोधित कटऑफ स्कोर 89 है, जिसके आलोक में अभ्यर्थी कटऑफ स्कोर में स्थान धारित नहीं करती है।<br>2. अभ्यर्थी द्वारा Ph.D के लिए विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–3 के अनुसार प्रमाण पत्र वांछित है।<br>3. चित्रकला विषय में अनारक्षित श्रेणी में API की संशोधित कटऑफ स्कोर में स्थान धारित न करने एवं Ph.D के लिए विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–3 के अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न न करने के कारण अनर्ह। |

### 4. बी0सी0ए0 (B.C.A.)

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | 520374 | 1. अभ्यर्थी द्वारा परास्नातक एम0टेक0 (M.Tech) Computer Science and Engineering एवं नेट Computer Science and Application विषय में धारित की गयी है, जो कि विज्ञापन के परिशिष्ट–1 के अनुसार कोई सह विषय नहीं है एवं शासन के पत्र 2384 दिनांक 14 जुलाई, 2022 के अनुसार परास्नातक में धारित विषय एम0टेक0 (M.tech) Computer Science and Engineering एवं विज्ञापन के अनुसार वांछित परास्नातक एम0सी0ए0 विषय निर्धारित 75 प्रतिशत की साम्यता के मानक पूर्ण न करने के कारण समतुल्य विषय के रूप में नहीं माना गया है। अतः अभ्यर्थी विज्ञापन के अनुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित नहीं करता है।<br>2. विज्ञापन के अनुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित न करने के कारण अनर्ह। |

अभ्यर्थी उपरोक्त अनर्ह सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति व्यक्त करना चाहते हैं, तो इस संबंध में साक्ष्यों सहित प्रत्यावेदन सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार–249404 के कार्यालय को **दिनांक 02.08.2023 (बुधवार) के सांय 06:00 बजे तक** व्यक्तिगत रूप से (कार्यालय दिवस सोमवार से शुक्रवार) अथवा डाक/अन्य किसी माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**Sd/-**
**(गिरधारी सिंह रावत)**
**सचिव**